# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–02.02.2025 (दोपहर–1455 बजे)

आम बजट में गिग श्रमिकों का ई–श्रम पोर्टल में रजिस्ट्रेशन की घोषणा के बाद राज्य के करीब 50 हजार गिग श्रमिकों को भी फायदा होगा। इससे झारखंड की महिलाओं और मजदूरों को भी काफी फायदा होगा। केंद्रीय बजट में एससीएसटी महिलाओं को दो करोड़ रुपये तक टर्म लोन देने की घोषणा के बाद राज्य की सैंतीस प्रतिशत आबादी को उद्यमिता और प्रबंधन कौशल के अवसर मिलेंगे। वहीं आम बजट में सदर अस्पताल में डे केयर कैंसर केंद्र खोलने का प्रस्ताव रखा गया है। तीन वर्षों में सभी सदर अस्पतालों में डे केयर कैंसर केंद्र स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में झारखंड में केवल रिम्स में ही यह केंद्र है। वहीं स्वास्थ्य क्षेत्र में की गई घोषणाओं से राज्य में सरकारी और निजी कुल नौ मेडिकल कॉलेजों को लाभ मिलेगा।

*********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 15 फरवरी को रांची में बिरला प्रौद्योगिकी संस्थान, बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह का उद्घाटन करेंगी। यह समारोह 15 जुलाई तक चलेगा। संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि संस्थान के 70 साल पूरा होने के अवसर पर इस समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

*********************

पुलिस महानिरीक्षक – जेल, सुदर्शन मंडल ने आज कोडरमा स्थित मण्डल कारा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल में बंद कैदियों को मिलने वाली सुविधाओं के साथ–साथ जेल कर्मियों के लिए बने स्टाफ क्वार्टर का भी जायजा लिया। श्री मंडल ने बताया कि कैदियों के लिए जेल परिसर में जल्द एक कैंप अस्पताल का निर्माण किया जाएगा, जहां 24 घंटे डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहेंगे।

*********************

बसंत पंचमी पर तीसरे अमृत स्नान के पर्व पर रेलवे, प्रयागराज के विभिन्न रेलवे स्टेशनों से चार सौ महाकुंभ विशेष रेलगाडियां चलायेगा। इससे लाखों श्रद्धालुओं के लिए यात्रा को सुव्यवस्थित और सुलभ बनाया जाएगा। हमारे संवाददाता ने बताया है कि तीसरा अमृत स्नान कल होगा।

*********************

इस वर्ष जनवरी महीने में वस्तु और सेवा कर– जीएसटी के रूप में एक लाख 95 हजार करोड़ रुपये से अधिक का कुल राजस्व प्राप्त हुआ है। यह जनवरी 2024 की तुलना में 12 दशमलव तीन प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष जनवरी में केंद्रीय वस्तु और सेवा कर संग्रह 36 हजार 77 करोड़ रुपये और राज्य वस्तु और सेवा कर 44 हजार 942 करोड़ रुपए है। एकीकृत वस्तु और सेवा कर संग्रह की राशि 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक और उपकर 13 हजार 412 करोड़ रुपये है।

*********************

जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के सिदगोड़ा कैम्पस में चार फरवरी को द्वितीय दीक्षान्त समारोह का आयोजन होना है।

*********************

आज विश्व आर्द्र भूमि दिवस है। इसकी शुरुआत वर्ष 1971 में हुई थी, जब पर्यावरणविदों ने आर्द्र भूमि यानि दलदली भूमि के संरक्षण का आह्वान किया था। इस वर्ष के आर्द्र भूमि दिवस का विषय है साझा भविष्य के लिए आर्द्र भूमि का संरक्षण। पर्यावरण विदों का कहना है कि आर्द्र भूमि से भविष्य की पीढ़ियों को लाभान्वित करने के लिए ऐसे प्राकृतिक पर्यावास का संरक्षण जरूरी है।

*********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा की बधाई दी है। यह पर्व देशभर के अधिकतर हिस्सों में आज भी मनाया जा रहा है। बिहार और झारखंड में सरस्वती पूजा कल मनाया जाएगा। बसंत पंचमी का पर्व बसंत के आगमन, नई ऋतु और प्रकृति की सुन्दरता को दर्शाता है। सोशल मीडिया पर साझा एक संदेश में राष्ट्रपति मुर्मु ने शिक्षा और ज्ञान से जुड़े इस पर्व पर कामना की है कि ये पर्व देशवासियों के लिए खुशी, समृद्धि और ज्ञान लेकर आयेंगे। आज के दिन के महत्व का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति ने भारत को विश्व के ज्ञान केंद्र के रूप में स्थापित करने की प्रार्थना की।

*********************

उत्तराखंड के देहरादून में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड के वुशु खिलाड़ियों ने दो मेडल जीते। श्रेया कुमारी ने रजत और गीता खलखो ने कांस्य पदक जीता। वहीं लॉन बॉल्स में राज्य की खिलाड़ियों ने जीत

दर्ज की। वहीं रांची में चल रही राष्ट्रीय स्कूली अंडर 19 हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड के बालक टीम ने उत्तर प्रदेश को चार दो से और बालिका टीम ने गुजरात को छह शून्य से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। फाइनल मैच में झारखंड को आज दोनों वर्गो में पदक की उम्मीद है।

**********समाप्त**********